# SL vs SA, World Cup: दक्षिण अफ्रीका की 9 विकेट से जीत, श्रीलंका टूर्नामेंट से बाहर

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

**नई दिल्ली/चेस्टर ली स्ट्रीट:**



आईसीसी विश्व कप 2019 (World Cup 2019) चेस्टर ली स्ट्रीट के रिवरसाइड मैदान पर श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका (Sri Lanka vs South Africa) के बीच मैचको दक्षिण अफ्रीका ने 9 विकेट से जीत लिया. दक्षिण अफ्रीका को मिले 204 रन के लक्ष्य को कप्तान डु प्लेसिस और हाशिम अमला की जोड़ी ने 38वें ओवर में ही जीत दिला दी. दक्षिण अफ्रीका के लिए कप्तान फाफ डु प्लेसिस ने सबसे ज्यादा नाबाद 96 रन बनाए. उनके अलावा हाशिम अमला ने 80 रन की पारी खेली. श्रीलंका के लिए एकमात्र विकेट लसिथ मलिंगा ने लिया.

इस हार से श्रीलंका का सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर होना तय हो गया है. उसके अब सात मैचों में केवल 6 अंक हैं. अब अगर वह बाकी बचे मैच जीत भी जाती है तो उसके केवल 10 अंक हो पाएंगे. ऐसे में उसे नेट रनरेट को लेकर अन्य टीमों से ( वह भी केवल इंग्लैंड) मुकाबला करना पड़ सकता है जिसमें उसका पिछड़ना तय होगा. हालांकि इसकी नौबत आना भी बहुत ही मुश्किल है. दक्षिण अफ्रीका 206/1 (37.2 ओवर)

36वें ओवर में मलिंगा ने चौके दिया. उसके बाद 37वें ओवर में दक्षिण अफ्रीका के 200 रन पूरे हुए. इस ओवर में उदाना ने पांच रन दिए. इसके अगले ओवर में डु प्लेसिस ने चौका लगाकर टीम की जीत सुनिश्चित की. हाशिम अमला- 80 रन. फॉफ डु प्लेसिस- 96 रन.

**दक्षिण अफ्रीका 194 ( 31-35 ओवर )**

31वें ओवर में अमला रीव्यू में बच गए. जीवन मेंडिस के ओवर में 7 रन आए. 32वें ओवर में परेरा ने 3 रन दिए. 33वें ओवर में मेंडिस ने एक चौके के साथ9 रन दिए. 34वें ओवर में मलिंगा ने चौके के साथ 7 रन दिए. उसके बाद उदाना ने भी चौका दिया और छह रन दिए. हाशिम अमला- 73 रन. फाफ डु प्लेसिस- 88 रन.

**दक्षिण अफ्रीका 159/1 ( 26-30 ओवर )**

26वें ओवर में मलिंगा ने एक रन दिया. इसके बाद धनंजय ने 5 रन दिए. 28वें ओवर में फाफ ने पहले अपनी फिफ्टी पूरी की और उसके बाद लकमल को एक चौका और छक्का भी लगाया. 29वें ओवर में जीवन मेंडिस ने 5 रन दिए. ओवर में ही दक्षिण अफ्रीका के 150 रन पूरे हुए. इसके बाद परेरा ने 5 रन दिए. हाशिम अमला- 65 रन. फॉफ डु प्लेसिस- 65 रन.

**दक्षिण अफ्रीका 130/1 ( 21-25 ओवर )**

21वें ओवर में उदाना ने चार रन दिए. 22वें ओवर में मलिंगा ने चार रन दिए लेकिन वे टीम को सफलता नहीं दिला सके. फिर अगले ओवर में डु प्लेसिस ने उदाना को चौका लगाया. मलिंगा ने 24वां ओवर मेडन फेंका. इसके बाद धनंजय ने 4 रन दिए. हाशिम अमला- 57 रन. फॉफ डु प्लेसिस- 47 रन.

दक्षिण अफ्रीका 111/1 ( 16-20 ओवर)

16वें ओवर में जीवन मेंडिस ने 2 रन दिए. उसके बाद लकमल के ओवर में डु प्लेसिस के चौका के साथ 13 रन आए. 18वें ओवर में मेंडिस ने 4 रन दिए.19वें ओवर में दक्षिण अफ्रीका के 100 रन पूरे हुए. उदाना के पहले ओवर में 7 रन आए. उसके बाद हाशिम अमला ने अपनी फिफ्टी पूरी की. हाशिम अमला- 51 रन. फॉफ डु प्लेसिस- 35 रन.

दक्षिण अफ्रीका 79/1 ( 11-15 ओवर)

11वें ओवर में लकमल ने 5 रन दिए. इसके बाद परेरा के ओवर से चार रन आए. 13वें ओवर में डु प्लेसिस ने लकमल को चौका लगाया. जीवन मेंडिस ने अपने पहले ओवर में तीन रन दिए. इसके बाद अमला ने लकमल को एक चौका लगाया. हाशिम अमला- 42 रन. फॉफ डु प्लेसिस- 18 रन.

**दक्षिण अफ्रीका 53/1 ( 6-10 ओवर )**


पांचवे ओवर के बाद श्रीलंका ने दबाव बनाने की कोशिश तो की, लेकिन वे विकेट नहीं निकाल सके. छठे ओवर में लकमल ने तीन रन दिए.

# World Cup मैच में मधुमक्खियों से बचने मैदान पर अचानक लेटे खिलाड़ी, जमकर उड़ा मजाक

नई दिल्ली: **एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

आईसीसी वर्ल्ड कप-2019 (World Cup 2019) में शुक्रवार को चेस्टर ली स्ट्रीट के रिवरसाइड मैदान पर दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका के बीच खेले गए मैच में खिलाड़ी अचानक से 48वें ओवर में मैदान पर लेट गए.

दरअसल इस दौरान अचानक से मैदान पर मधुमक्खियों का झुंड आ गया, जिससे सभी खिलाड़ी परेशान हो गए और अपने आप को बचाने के लिए मैदान पर लेट गए. ऐसी हरकत देख स्टैंड में बैठे दर्शक जोर-जोर से हंसने लगे. मैच थोड़ी देर के लिए रुका और फिर दोबारा शुरू हो गया.



# प्रबल दावेदार मानी जा रही इंग्लैंड पर लग सकता है विराम

**बर्मिंघम। एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

भारतीय टीम रविवार को होने वाले विश्व कप के हाई प्रोफाइनल मुकाबले में मुश्किलों में घिरी मेजबान इंग्लैंड पर शानदार जीत के साथ शीर्ष पर पहुंचने पर निगाह लगाये होगी। अब तक छह मुकाबलों में भारतीय टीम को हार का मुंह नहीं देखना पड़ा है और विराट कोहली की टीम 11 अंक के साथ सेमीफाइनल में प्रवेश की ओर है लेकिन इंग्लैंड के खिलाफ जीत से वह तालिका में शीर्ष स्थान को मजबूत करेगी। अगर भारत इसमें जीत जाता है तो मेजबान टीम टूर्नामेंट से बाहर हो जायेगी। टूर्नामेंट से पहले इंग्लैंड खिताब की प्रबल दावेदार मानी जा रही थी लेकिन इयोन मोर्गन की टीम अहम मैचों लड़खड़ा गयी जिसके अब सात मैचों में केवल छह अंक हैं और वह टूर्नामेंट से बाहर होने की कगार पर है।यह दुखद है कि कप्तान मोर्गन, जोस बटलर, जानी बेयरस्टो, बेन स्टोक्स, जोफ्रा आर्चर जैसे खिलाड़ियों की मौजूदगी के बावजूद इंग्लैंड की हाल के वर्षों में सर्वश्रेष्ठ वनडे टीम को इस तरह बाहर होना पड़ेगा। रविवार को बर्मिंघम के एजबेस्टन में भारतीय दर्शकों की मौजूदगी दबाव में घिरी टीम को और परेशान करेगी। वहीं इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वान और केविन पीटरसन पर जानी बेयरस्टो के बयान से भी दबाव काफी बढ़ गया है। बेयरस्टो ने पत्रकारों से कहा कि लोग हमारे असफल होने का इंतजार कर रहे थे। बेयरस्टो ने कहा कि वे कई मायनों में हमारी जीत से खुश नहीं हैं। वे इंतजार कर रहे हैं कि हम हार जायें और वे हमारी आलोचना करें। यह इंग्लैंड में आम है, बल्कि हर खेलों में है।

भारत के खिलाफ मैच से पहले वान को यह टिप्पणी अच्छी नहीं लगी और उन्होंनेइंस्टाग्राम पोस्ट में इसे 'नकारात्मक और दयनीय मानसिकता' करार दिया। भारत के लिए इंग्लैंड को हराने का यह बेहतर समय है क्योंकि मेजबान टीम काफी दबाव में है। मैच के दौरान धूप खिली होगी और सूखी पिच पर टर्न; सामान्य से ज्यादा होगा। इन परिस्थितियों में दो कलाई के स्पिनरों के साथ जसप्रीत बुमराह का सामना करना इंग्लैंड के लिये मुश्किलें पैदा कर सकता है। इंग्लैंड की टीम हालांकि इस बात से राहत ले सकती है कि उन्होंने घरेलू सरजमीं पर पिछली द्विपक्षीय श्रृंखला में भारत को 2-1 से हराया था, लेकिन बुमराह उस समय चोटिल थे और उस श्रृंखला में नहीं खेले थे। तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने हालांकि कहा की भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ ज्यादा रणनीति बनाने में नहीं लगी। दो मैचों में आठ विकेट लेने वाले शमी ने कहा कि प्रतिद्वंद्वी टीम के बारे में सोचने के बजाय बेहतर यही है कि हम अपने प्रदर्शन पर ध्यान लगायें।

# वर्ल्ड कप में अंपायर से भिड़ना पड़ा महंगा, वेस्टइंडीज के ऑलराउंडर को मिली ये सजा

**मैनचेस्टर: एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

वेस्टइंडीज के हरफनमौला खिलाड़ी कार्लोस ब्रेथवेट पर भारत के खिलाफ गुरूवार को खेले गये आईसीसी विश्व कप (ICC World Cup 2019) मैच में अंपायर के फैसले पर नाराजगी जताने के लिए मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगा.

आईसीसी ने बयान में कहा, ''ब्रेथवेट पर खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ की आईसीसी की आचार संहिता की धारा 2.8 के उल्लंघन का दोषी पाया गया जो एक अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान 'अंपायर के फैसले के खिलाफ नाराजगी जताने' से संबंधित है.''

इसके अलावा ब्रेथवेट के अनुशासनात्मक रिकार्ड में एक डिमैरिट अंक जुड़ गया है जो सितंबर 2016 में संशोधित संहिता के आने के बाद उनका दूसरा अपराध है. ब्रेथवेट के अब दो डिमैरिट अंक हैं.ब्रेथवेट से जुड़ी यह घटना मैच के 42वें ओवर में घटी जब उन्होंने गेंदबाजी के दौरान वाइड दिये जाने का अंपायर के फैसले का विरोध किया था.

ब्रेथवेट ने अपराध स्वीकार कर इस जुर्माने को स्वीकार लिया है जो मैच रैफरियों के एमिरेट्स आईसीसी एलीट पैनल के मैच रैफरी क्रिस ब्राड द्वारा लगाया गया था. इसलिये अधिकारिक सुनवाई की जरूरत नहीं पड़ीं.इस मुकाबले में भारत ने गुरुवार को यहां वेस्टइंडीज पर 125 रन की एकतरफा जीत दर्ज करके विश्व कप सेमीफाइनल की तरफ मजबूत कदम बढ़ाये.पाकिस्तान को शुरुआती मैच में हराने के बाद वेस्टइंडीज ने अगले पांच मैच गंवा दिये जिससे वह अफगानिस्तान के बाद टूर्नामेंट से बाहर होने वाली दूसरी टीम बन गई.

